# शिक्षा परिवार, समाज में लाती है बदलाव : पटेल

## राज्यपाल ने संकल्प संस्थान के चयनित सिविल सेवकों का किया सम्मान

**भोपाल, 17 अगस्त. राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि सिविल सेवा में चयनित लोकसेवक केन्द्र और राज्य सरकार के कल्याणकारी कार्यक्रमों को सफल बनाएं. गरीब, वंचित और समाज के कमजोर वर्गों के प्रति हमेशा संवेदनशील रहें और उनकी मदद आगे बढ़कर करें. विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाएँ.**



राज्यपाल पटेल रविवार को नर्मदा क्लब के सभागार में संकल्प संस्थान से चयनित सिविल सेवकों को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने सभी सफल प्रतिभागियों को सफलता की शुभकामनाएं दी. राज्यपाल ने संकल्प संस्थान के गुरुजन, मार्गदर्शक और सफल प्रतिभागियों को सम्मानित किया.

राज्यपाल पटेल ने कहा कि ऋग्वेद के अनुसार ज्ञानी लोग अज्ञानियों को भी ज्ञानवान बनाते हैं, अर्थात शिक्षा की उपयोगिता अशिक्षितों को भी शिक्षित बनाने में ही है. शिक्षा ही वह माध्यम है जो परिवार और समाज में बदलाव लाती है. राष्ट्र की प्रगति सुनिश्चित करती है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से विद्यार्थियों को बंधन मुक्त शिक्षा का अवसर देकर, नए भारत के निर्माण का संकल्प दिया है. विश्वगुरू भारत और नए विश्व के निर्माण के लिए जरूरी है कि युवा हमेशा नए सपने देखें और बड़े सपने देखें.

> राज्यपाल पटेल ने कहा कि संस्थान, प्रदेश के गरीब और वंचित वर्ग के प्रतिभागियों को संस्थान की विशेषज्ञता से लाभान्वित करने का विशेष प्रयास करें. दूरस्थ और ग्रामीण अंचल के युवाओं को तलाशने और तराशने के लिए का काम करें. उन्हें आगे बढ़ने प्रेरित और प्रोत्साहित करें. संस्थान, ऐसी व्यवस्था बनाने का चिंतन करें जो दूर-दराज के क्षेत्रों, जरुरतमंदों और प्रतिभावान बच्चों तक शिक्षा की पहुंच बढ़ाने में मददगार हो. संस्थान समाज और राष्ट्र उत्थान से जुड़े सामाजिक सरोकारों में आगे बढ़कर हिस्सा लें. शिक्षा से समाज सेवा का आदर्श प्रस्तुत करें.




# वेद प्रचार सप्ताह समारोह का समापन

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 17 अगस्त. राजधानी में आर्य समाज महावीर नगर में वेद प्रचार सप्ताह समारोह का समापन रविवार को हुआ. आचार्या श्रुति शास्त्री ने समारोह के आखिरी दिन अपने प्रवचन में कहा कि विश्व की आधी आबादी स्त्रियों की है.**

उन्हें समाज में बराबरी का हक व सम्मान दिलाने का काम महर्षि दयानंद सरस्वती ने किया है. उनके समाज सुधार विषयक विचारों का प्रभाव सभी ओर दिखाई देता है. समारोह के दौरान यजुर्वेद परायण के समापन अवसर पर बडा संख्या में आर्य समाज के लोग शामिल हुए.

यज्ञ में मुख्य रूप में महापौर मालती राय मौजूद रहीं. अतिथियों का स्वागत राकेश शर्मा ने किया. इसके पूर्व ब्रह्मचारिणी जाग्रति शास्त्री एवं वैशाली शास्त्री ने सुमधुर भजनों एवं भक्ति गीतों के साथ वेद ऋचाओं के गायन से उनके संरक्षण की विविध शैलियों की प्रस्तुति दी.

कार्यक्रम का संचालन सरोज सोनी ने किया एवं आभार समाज के प्रधान वेद प्रकाश शर्मा ने किया. कार्यक्रम में रामनारायण श्रीवास अनीता श्रीवास वैदिक प्रवक्ता संतोषसिंह डा.आर.एस नरवरिया, शशि सिंह, राजेन्द्र कुमार वंदनवाला सहित बड़ी संख्या में आर्यजन मौजूद रहे.

## एक नजर में



### सुरों की महफिल से गूंज उठा रवीन्द्र भवन

**भोपाल.** रविवार शाम रवीन्द्र भवन के गोरंजलि सभागार में भोपाल के गायकों ने रफी, किशोर कुमार और लता सहित कई दिग्गज कलाकारों के गीत कुछ यूं गुनगुनाये कि महफिल रंगीन हो गई. समूह में लगभग 10 लोग हैं,जो माला उईके के मार्गदर्शन में आपसी सहयोग से इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाते हैं. कार्यक्रम के शुरू होते ही सभागार की सीटें खचाखच भर गई थीं, सभागार में संगीत प्रेमियों ने गीत प्रस्तुति का जमकर लुफ्त उठाया. मैं शायर तो नहीं, ख्वाब हो तुम कोई, बरसात को एक रात, रमईया वास्तावईया मैने दिल तुझको दिया, मैं शायर तो नहीं, ये बंधन तो प्यार का बंधन है जैसे कई मधुर गीतों से समां बंधा. कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए गीतों ने दर्शकों को अंत तक बाँधे रखा. माला उइके, बी मनोज जाट, चंदन बंसल, तुवार सोहनी, संजय राजापुरकर, विवेक परांजपे,कल्पना सुसहा, विजय पित्रे, तरुणा, प्रमिला राठौर एवं युवा कलाकार बादित्य राठौर ने गीत प्रस्तुत किये.




### तिरंगा मेले में सदाबहार गीतों की प्रस्तुति

**भोपाल.** ऐतिहासिक गौहर महल में रविवार शाम तिरंगा मेला में सदाबहार गीतों की प्रस्तुति ने लोगों का दिल जीत लिया. कार्यक्रम का आरंभ लता मंगेशकर के मधुर गीत से हुई. इसके बाद किशोर कुमार के तरानों और कुमार शानू के रोमांचित गीतों ने महफिल की शमां में चार चांद लगा दिए. दर्शकों के मन संगीत को संकट झूम उठे. कलाकारों ने लगातार लोकप्रिय गीतों की कुछ ऐसी श्रृंखला प्रस्तुत की कि पूरा परिसर संगीत की गूंज से उठा. श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया. मेले में आने वाले आगंतुक जहां एक ओर देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत तिरंगा उत्पादों और पारंपरिक हस्तशिल्प का आनंद ले रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मनोरंजन का भी लुत्फ उठा रहे हैं. आयोजकों का कहना है कि आगामी दिनों में भी प्रतिदिन विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी, जिससे मेले की लोकप्रियता और बढ़ती रहे. फिलहाल यह कार्यक्रम 20 अगस्त तक चलता रहेगा.



### सहस्त्रबाहु जन्मोत्सव की तैयारी पर की चर्चा

**भोपाल.** कलचुरि कलार समाज भोपाल की रविवार को सभी संगठनों के प्रतिनिधियों की एक बैठक कलचुरि भवन में आयोजित की गई जिसमें भोपाल स्थित सभी कलचुरि कलार समाज संगठनों से सभी प्रतिनिधि शामिल हुए, जिसमें भगवान श्री सहस्त्रबाहु जन्मोत्सव भव्य रूप से मनाने पर विशेष चर्चा की गई, जिसमें विशाल शोभा यात्रा निकालने पर भी सहमति जताई गई. इस आयोजन के लिए मुख्य संयोजक डॉ.एल.एन. मालवीया को सर्व सम्मति से मनोनीत किया गया. भगवान श्री सहस्त्रबाहु जी की जयंती पर वाहन रैली निकलने का निर्णय लिया गया है. बैठक में भोपाल के कलचुरि समाज के सभी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे.



### बेगवानी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**भोपाल.** भोपाल की प्रतिष्ठित धार्मिक एवं सामाजिक संस्था हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी कैलाश बेगवानी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन रविवार शाम श्री दुर्गा मंदिर मनोहर डेयरी के सामने हमीदिया रोड पर मरघटिया मन्दिर के महंत कन्हैया दास महाराज एवं पुतलीघर मन्दिर के स्वामी अनिलानंद महाराज की उपस्थिति में हुआ. इस अवसर पर उपस्थित सभी समर्थकों ने एकजुट होकर धर्म एवं समाज की रक्षा के लिए बेगवानी के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया है.

# सांसद, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने रोपे पौधे

▸ एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधारोपण

**भोपाल, 17 अगस्त "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत ज्यूडिशियल एकेडमी के पास करूणाधाम आश्रम के पीठाधीश्वर सुदेश शांडिल्य महाराज के सानिध्य में सांसद आलोक शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खंडेलवाल, विधायक भगवानदास सबनानी, महापौर मालती राय ने भदभदा रोड स्थित ज्यूडिशियल एकेडमी के पास बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया.**



ज्यूडिशिल एकेडमी के पास स्थल पर "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत नगर निगम द्वारा 5 हजार पौधे लगाने के निर्धारित लक्ष्य के तहत रविवार को आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने सेमल, चिरौल, बहेड़ा, आम, बादाम, सप्तपर्णी, मोरछली, नीम, पीपल, बरगद, गुलमोहर आदि प्रजातियों के 2 हजार 100 से अधिक पौधे लगाए. नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर भी 1 हजार पौधे रोपे गए. इस अवसर पर अपर आयुक्त देवेन्द्र सिंह चौहान व हर्षित तिवारी, उपायुक्त हीरेन्द्र सिंह कुशवाह, संगठन मंत्री हितानन्द शर्मा, महापौर परिषद के सदस्य जगदीश यादव, पूर्व पार्षद मुकेश राय सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे.




# समाज को नैतिक दिशा देने का उत्तम साधन है साहित्य : समर

▸ दुष्यंत संग्रहालय में राष्ट्र वंदना गोष्ठी आयोजित

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 17 अगस्त. राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत राष्ट्र वंदना गोष्ठी का कार्यक्रम रविवार दोपहर शिवाजी नगर स्थित दुष्यंत संग्रहालय में हुआ. अखिल भारतीय साहित्य परिषद द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेहदी ने अध्यक्षता की.**

उन्होंने कहा कि राष्ट्रप्रेम केवल शब्दों में नहीं, बल्कि जीवन और कृतियों में प्रकट होना चाहिए. वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओज कवि मदनमोहन समर शामिल हुए. उन्होंने कहा कि कविता और साहित्य समाज को नैतिक दिशा देने का सबसे उत्तम साधन हैं. ये कहते हुए युवा कवियों से आग्रह भी किया कि वे अपने रचनात्मक प्रयासों में राष्ट्र और संस्कृति की गरिमा बनाए रखें.

इसके साथ ही अपनी ओजस्वी वाणी में वीर रस से ओतप्रोत रचना 'अपनी निष्ठा एक है, अपना एक विधान है' प्रस्तुत की. कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि परिषद के संरक्षक रमेश व्यास शास्त्री ने कहा कि साहित्य का मूल उद्देश्य केवल सौंदर्यबोध नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति चेतना और जिम्मेदारी भी है. कार्यक्रम में परिषद की महामंत्री सुनीता यादव ने सभी का स्वागत उद्बोधन किया.

> गोष्ठी में डॉ. रामवल्लभ आचार्य ने है स्वर्ग से भी सुंदर भारत वसुंधरा, सुनीता यादव ने हमारी लेखनी विचार नहीं, हथियार बरसाएगी. किशन तिवारी ने धरती, समुंदर, आकाश आज अपने घर आँगन. आशा श्रीवास्तव ने पायी है आज़ादी हमने वीरों के बलिदान से, कमल किशोर दुबे ने देश रहे खुशहाल हमेशा, आदित्य हरि गुप्ता ने जो देश पर मरेगा, वह देशभक्त होगा सहित कई अन्य साहित्यकारों ने कविताएं प्रस्तुत की.

# 40 नेत्र रोगियों के होंगे मोतियाबिंद ऑपरेशन

▸ नेहरू नगर स्थित ए.वी.एम. स्कूल में लगाया शिविर

**भोपाल, 17 अगस्त. सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय एवं भोपाल उत्सव मेला समिति द्वारा रविवार को नेहरू नगर स्थित ए.वी.एम. स्कूल में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया.**




शिविर का शुभारंभ दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक भगवानदास सबनानी, मेला समिति के महामंत्री सुनील जैनाविन एवं सेवा सदन के ट्रस्टी सुरेश आवतरामानी द्वारा देवी-देवताओं के चित्रों पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया. विधायक सबनानी ने शिविर में आये मरीजों से बातचीत की उन्होंने कुशलक्षेम पूछा. सबनानी ने संत हिरदाराम जी के आशीर्वाद से चलाए जा रहे सभी सेवा कार्यों से मरीजों को अवगत कराया. सेवा सदन के ट्रस्टी आवतरामनी ने बताया कि शीघ्र ही एयरपोर्ट रोड गांधीनगर स्थित नया अस्पताल भवन जनसामान्य के लिए खुल जाएगा. शिविर में कुल 232 मरीजों की आंखों की जांच की गई, जिनमें 118 पुरुष एवं 114 महिलाएं शामिल थीं.

## वन विभाग के वाहन चालक करेंगे आंदोलन

**भोपाल, 17 अगस्त.** वन विभाग वाहन चालक समिति की बैठक 17 अगस्त 2025 को दोपहर 12 बजे इंद्रा निकुंज नर्सरी 74 बंगला भोपाल में आयोजित की गई. बैठक में आंदोलन करने का निर्णय लिया गया. बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने की. संचालन प्रदेश सचिव राजू सिंह ने किया. बैठक में जेम्स एंथोनी, हीरा यादव, महेंद्र राव, घनश्याम कटारे, संतोष तिवारी, दिलीप नाथानी, नीरज मेहर, राजकुमार मीणा, ओम प्रकाश मिश्रा, राजेश कुशवाहा, राघवेंद्र नापित, इकबाल अली, गणेश डोयरे, सुरेंद्र रैकवार, मोहसिन खान, भगवान सिंह यादव सहित अन्य वाहन चालक शामिल थे.

# भारत भवन में रंगोत्सव आज से, होगा नाटकों का मंचन

**भोपाल, 17 अगस्त. मध्यप्रदेश की रंगमंचीय परंपराओं और नाट्य कला के रंग-बिरंगे आयामों को सहेजते हुए भारत भवन में 18 अगस्त से मध्यप्रदेश रंगोत्सव का आगाज़ होने जा रहा है. सात दिवसीय इस नाट्य महाकुंभ में प्रतिदिन एक से बढ़कर एक नाट्य प्रस्तुतियां मंचित होंगी, जो दर्शकों को नाट्य जगत की विविध विधाओं और संवेदनाओं से रूबरू कराएंगी.**

रंगमंडल प्रभाग द्वारा संयोजित महोत्सव का उद्देश्य न केवल दर्शकों को श्रेष्ठ रंगकर्म से परिचित कराना है, बल्कि स्थानीय और प्रांतीय रंगकर्मियों को मंच प्रदान करना भी है.

भारत भवन के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रेम शंकर शुक्ल ने बताया कि मध्यप्रदेश रंगोत्सव, केवल नाट्य मंचन का अवसर ही नहीं, बल्कि कलाकार और दर्शक के बीच जीवंत संवाद का सेतु भी बनेगा. यह महोत्सव, प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर और रंगमंचीय विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त प्रयास है. नाट्य प्रस्तुति शाम 7 बजे शुरू होगी. नाटक में सहयोग राशि मात्र 50 रुपये रखा गया है.

# 500 से अधिक विद्यार्थियों को दिया प्रतिभा सम्मान

▸ रवीन्द्र भवन में सिंधु सभा, सिंधी मेला समिति का सम्मान समारोह

**भोपाल, 17 अगस्त. रविवार को रवीन्द्र भवन के सभागार में भारतीय सिंधु सभा एवं सिंधी मेला समिति के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया.**



इस कार्यक्रम की शुरुआत भगवान झूलेलाल एवं मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर की गई, इसके बाद सिंधी गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए. समारोह में मुख्य अतिथि राज्य मंत्री, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा नरेन्द्र शिवाजी पटेल, कार्यक्रम अध्यक्ष विधायक भगवानदास सबनानी द्वारा 10वीं व 12वीं, कॉलेज की डिग्री एवं प्रदेश स्तर पर अनेक गतिविधियों में उपलब्धियां और मेडल पाने वाले लगभग 500 प्रतिभावान बच्चों को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर मंत्री पटेल ने कहा कि कहा कि विद्यार्थी के लिए परिस्थितियां चाहे जैसी भी हो कड़ी मेहनत-लगन और लक्ष्य को पाने की जिद से सफलता हासिल की जा सकती है.

> छात्रों को मिलने वाला ये सम्मान और प्रमाण पत्र छात्रों को हर दिन अपने लक्ष्य को पाने के लिए प्रेरित करेगा. विधायक सबनानी ने कहा कि भारतीय सिंधु सभा एवं सिंधी मेला समिति द्वारा आयोजित यह प्रतिभा सम्मान अपने आप में ही समाज को गौरान्वित करने का अवसर प्रदान करता है, आज इतनी बड़ी तादाद में इस सभागृह में समाज की प्रतिभाओं एक साथ उपस्थित होने इस बात का संकेत देता है कि आज हम सिंधी समाज के लोग केवल व्यापार में ही नहीं अपितु शिक्षा, साहित्य, कला, खेल इत्यादि क्षेत्रों में देश का नाम रोशन कर रही है.

**रिमझिम गिरे सावन** ▸ कायस्थम के कार्यक्रम में प्रसिद्ध पार्श्व गायक की मौसी मीनाक्षी माथुर ने कहा- रिकार्डिंग के पहले कई दिनों तक भूखे रहते थे मुकेश

# मुकेश के गानों में इसलिए झलकता था दर्द

**भोपाल,17 अगस्त. प्रसिद्ध पार्श्व गायक मुकेश अपने गाने की रिकॉर्डिंग के पहले कई दिन भूखे रहते थे, जिससे उनके गानों में दर्द झलकता था. उनकी आवाज फिजा में मोहब्बत की रंगत बिखेर देती थी. वे राज कपूर, मनोज कुमार और दिलीप कुमार की परछाई थे. वह कायस्थ कुल के गौरव भी थे.**




यह बात स्व. मुकेश की मौसी मीनाक्षी माथुर ने रविवार को कायस्थम मध्यप्रदेश द्वारा श्यामला हिल्स स्थित स्टेट म्यूजियम में आयोजित रिमझिम गिरे सावन कार्यक्रम में साझा की. मुख्य अतिथि के रूप में मीनाक्षी और उनके पति मुकेश प्रसाद माथुर इस कार्यक्रम में शामिल हुए थे. उनका परिवार नई दिल्ली के दरियागंज में स्व. के मुकेश का पड़ोसी था. मीनाक्षी और मुकेश प्रसाद माथुर इन दिनों अपने परिवार के साथ भोपाल में रह रहे हैं. बता दें स्व. मुकेश की 27 अगस्त को 49 वीं पुण्यतिथि है, इसके पूर्व कायस्थम ने उनकी स्मृति में चित्रांश गायकों के लिए रिमझिम गिरे सावन का आयोजन किया था. जिसमें कायस्थ समाज के उभरते हुए लगभग 30 गायकों ने स्व.मुकेश के अलावा मोहम्मद रफी, किशोर कुमार, लता मंगेशकर, आशा भोसले के भी गाने गए. कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त मनोज श्रीवास्तव के अलावा अन्य विशेष अतिथियों में वरिष्ठ पत्रकार महेश श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त आईएएस एवं पूर्व अपर मुख्य सचिव कंचन जैन सक्सेना, प्रसिद्ध भजन गायक रवि खरे, पूर्व आईएएस रजनीश श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे.

## इन गायकों ने दी प्रस्तुति

- अवनीश रायजादा ने लोफर फिल्म का आज मौसम बड़ा बेईमान है.
- कविता और कमोद सक्सेना ने पहचान फिल्म का आया न हमको प्यार जताना.
- संजय खरे व रत्ना खरे ने अनाड़ी फिल्म का दिल की नजर से.
- राकेश रायजादा ने दाग फिल्म का जिंदगी भर नहीं भूलेगी बरसात की रात.
- योगेंद्र व रश्मि ने कश्मीर की कली फिल्म का दीवाना हुआ बादल सावन की घटा छाई.
- एडवोकेट अनुराग श्रीवास्तव ने मंजिल फिल्म का रिमझिम गिरे सावन, सुलग सुलग जाए मन तथा मीता श्रीवास्तव के साथ रोटी कपड़ा और मकान फिल्म का मैं न भूलूंगा... मैं न भूलूंगी
- रवि शंकर खरे और अल्पना वर्मा ने अंजाना फिल्म के रिमझिम के गीत सावन गाये